

## भारत बनाम न्यूजीलैंडः इशांत शर्मा दूसरे टेस्ट से बाहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** क्राइस्टचर्च। भारतीय टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज इशांत शर्मा शनिवार से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं। इशांत की टखने की चोट एक बार फिर उभर आई है। इशांत नेट्स पर लगातार अभ्यास कर रहे थे लेकिन शुक्रवार को वह नेट्स पर नहीं देखे गए और उन्होंने टीम प्रबंधन को टखने में दर्द की शिकायत की। एक सूत्र ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि इशांत दूसरा टेस्ट नहीं खेलेंगे। सूत्र ने बताया, श्उन्होंने दर्द की शिकायत की थी और वह टेस्ट से बाहर हो गए हैं। इशांत को दिसंबर में रणजी ट्रॉफी में विदर्भ के खिलाफ खेलते हुए यह चोट लगी थी लेकिन वह ठीक होकर न्यूजीलैंड पहुंचे थे और पहले टेस्ट मैच में खेले थे। इस टेस्ट मैच में इशांत भारत की ओर सबसे सफल गेंदबाज रहे थे, उन्होंने 5 विकेट अपने नाम किए थे। इशांत की जगह भरने के लिए उमेश यादव और युवा नवदीप सैनी के बीच जंग है। नवदीप ने अभी तक टेस्ट पदार्पण नहीं किया है। वहीं टीम के मुख्य कोच रवि शास्त्री ने साफ कर दिया है कि युवा बल्लेबाज पृथ्वी साव की पैर की चोट ठीक हो गई है और वह खेलने को तैयार हैं।

# विराट एशिया इलेवन में खेलेंगे या नहीं! वर्कलोड मैनेजमेंट से होगा फैसला

**क्रिकेट**

### एशिया इलेवन और वर्ल्ड इलेवन के बीच दो टी 20 मैचों की सीरीज कराने का फैसला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

क्राइस्टचर्च। भारतीय कप्तान विराट कोहली सहित दूसरे खिलाड़ियों के एशिया एकादश की टीम का प्रतिनिधित्व करने पर फैसला उनके कार्यभार प्रबंधन के मुताबिक होगा। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने अपने देश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान की जन्मशती समारोह के तौर पर एशिया इलेवन और वर्ल्ड इलेवन के बीच दो टी 20 मैचों की सीरीज कराने का फैसला किया है। बांग्लादेश ने एशिया इलेवन की जिस टीम की घोषणा की उसमें विराट कोहली भी शामिल हैं।

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने 21 और 22 मार्च को कोहली को एक मैच के लिए टीम में शामिल किया है, लेकिन यह उनकी उपलब्धता पर निर्भर करेगा। भारतीय टीम 6 सप्ताह के न्यूजीलैंड दौरे से 6 मार्च को स्वदेश लौटेगी। इसके बाद



उसे साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन वनडे अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज के लिए 10 मार्च को धर्मशाला में इकट्ठा होना है। इस सीरीज की शुरुआत धर्मशाला में 12 मार्च को होगी। दूसरा मैच लखनऊ में 15 मार्च, जबकि तीसरा कोलकाता में 18 मार्च को खेला जाएगा।

इस सीरीज के बाद आईपीएल भी 29 मार्च से शुरू हो रहा है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज से पहले सभी अनुबंधित क्रिकेटरों को अनिवार्य चिकित्सा परीक्षण और 29 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल के मद्देनजर कार्यभार प्रबंधन से गुजरना होगा। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, श्बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने 10 खिलाड़ियों की सूची मांगी थी और हमें वहां 5 खिलाड़ियों को भेजने की संभावना है। इस सूत्र ने बताया, अभी तक हमने किसी नाम की पुष्टि नहीं की है। कप्तान सहित सभी खिलाड़ियों को कार्यभार प्रबंधन (वर्कलोड मैनेजमेंट)के परीक्षण से गुजरना होगा। इसके बाद ही हम खिलाड़ियों के नाम देंगे।

बीसीसीआई हमेशा कहता रहा है कि नियमित रूप से खेलने वाला कोई भी शीर्ष खिलाड़ी अगर ब्रेक चाहता है तो उसे निश्चितरूप से शारीरिक रूप से स्वस्थ होने का समय दिया जाएगा। एक अन्य अधिकारी ने बताया, श्अब यह कोहली पर निर्भर करेगा कि वह इसके लिए सहमति देते हैं या नहीं। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि आईपीएल में काफी यात्रा करनी होती है। इसके खत्म होने के बाद दूसरे देशों के साथ कई टी20 सीरीज हैं।

# श्रीलंका से मैच के बाद टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल पर ध्यान देंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मेलबर्न। भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने शुक्रवार को कहा कि उनकी टीम आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप के अंतिम लीग मैच में श्रीलंका को गंभीरता से लेगी और उसके बाद ही सेमीफाइनल पर ध्यान देगी। भारत लगातार तीन जीत दर्ज करके पहले ही सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुका है।

हरमनप्रीत ने कहा, 'मैं जानती हूं कि हमने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है लेकिन तब भी अगला मैच हमारे लिए अहम है। हम श्रीलंका को गंभीरता से लेंगे।' उन्होंने कहा, 'श्रीलंकाई टीम की खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रही



हैं। मैं जानती हूं कि उन्होंने एक भी मैच नहीं जीता है लेकिन दोनों मैचों में वे जीत की स्थिति में थे। हम सेमीफाइनल के बारे में सोचने से पहले इस मैच को गंभीरता से लेंगे।'

शनिवार को श्रीलंका पर जीत से भारत का ग्रुप ए में शीर्ष स्थान पक्का हो जाएगा। श्रीलंका की शशिकला श्रीवर्धना ने कहा कि उनकी टीम ने अब तक जुझारूपन दिखाया हालांकि उन्हें जीत नहीं मिली। शशिकला टूर्नामेंट के बाद क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास ले लेंगी।

उन्होंने कहा, 'हम अपने अगले दो मैचों में जीत दर्ज करना चाहते हैं। हमने ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के खिलाफ अच्छा खेल दिखाया लेकिन इसे जीत में नहीं बदल पाए। भारत के खिलाफ भी हमें पिछले मैचों के अच्छे प्रदर्शन को दोहराना होगा लेकिन साथ ही गलतियों से भी पार पाना होगा, खासतौर से फील्डिंग में।'

## न्यूजीलैंड की शॉर्ट पिच रणनीति के सामने फिर होगी भारतीय बल्लेबाजों की परीक्षा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** क्राइस्टचर्च। भारत की बल्लेबाजी लाइन अप को न्यूजीलैंड के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में फिर से कड़ी परीक्षा से गुजरना होगा। कीवी तेज गेंदबाज शॉर्ट पिच गेंदों के अपने मारक अस्त्र का खुलेआम इस्तेमाल करने के लिए तैयार नजर आ रहे हैं। वेलिंग्टन में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेली जा रही सीरीज के पहले टेस्ट मैच में भारतीय बल्लेबाज नहीं चल पाए थे और टीम को 10 विकेट से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी थी। विपरीत परिस्थितियों में सम्मान को ठेस पहुंचने और तकनीकी खामियों के खुलकर सामने आने के बाद भारतीय बल्लेबाजी को इस प्रदर्शन ने हिलाकर रख दिया और कोच रवि शास्त्री भी इससे सहमत हैं। शास्त्री ने दूसरे मैच की पूर्व संध्या पर कहा, 'इस तरह का झटका मिलना भी सही है क्योंकि इससे आपका दिमाग खुल जाता है। जब आप हमेशा खुले रास्ते पर चल रहे होते हैं और हार का स्वाद नहीं चखते तो इससे आप का दिमाग कुंद पड़ सकता है।'

## न्यूज डायरी



### कोरोना वायरस का डरः साइप्रस में होने वाले शूटिंग वर्ल्ड कप से हटा भारत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत कोरोना वायरस के खतरे के कारण साइप्रस में होने वाले आगामी निशानेबाजी वर्ल्ड कप से हट गया। शॉटगन वर्ल्ड कप अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी महासंघ से मान्यता प्राप्त है, जिसका आयोजन 4 से 13 मार्च के बीच किया जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ के सूत्रों ने बताया कि सरकार की सलाह पर भारतीय टीम को टूर्नामेंट से हटाने का फैसला किया गया है। सूत्रों ने कहा, कोरोना वायरस एकमात्र कारण है, जिससे हमने हटने का फैसला किया। ऐसा केंद्रीय एजेंसियों की सलाह पर किया गया। कोरोना वायरस की शुरुआत चीन के वुहान से हुई थी। इसके कारण अब तक 3000 लोगों की जान जा चुकी है, जबकि दुनिया भर में 80 हजार लोग इससे प्रभावित हैं। भारत 16 से 26 मार्च के बीच डा. कर्णी सिंह रेंज में संयुक्त वर्ल्ड कप की मेजबानी करेगा।

### अमेरिका में भी शुरू होगी टी20 लीग, टूर्नामेंट की घोषणा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यू यॉर्क। अमेरिका क्रिकेट और अमेरिकन क्रिकेट इंटरप्राइज साथ मिलकर माइनर लीग ज20 फ्रैंचाइजी टूर्नामेंट लेकर आ रहे हैं। यह टूर्नामेंट इस साल गर्मियों में आयोजित होगा, जिसमें न्यू यॉर्क से लेकर लॉस एंजेलिस तक की सभी बड़े शहरों की टीमें हिस्सा लेंगी। यह टूर्नामेंट 2021 में होने वाली मेजर लीग टी20 फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट की रूपरेखा तय करेगा। चार जुलाई से शुरू होने वाला यह टूर्नामेंट नौ सप्ताह तक चलेगा और इसके अधिकतर मैच सप्ताह के अंत में होंगे। सैन फ्रांसिस्को, शिकागो, बॉस्टन, सीटल, हस्टन, डालास, ऐटलांटा और वॉशिंगटन डीसी उन 22 जगहों में से हैं, जहां इस टूर्नामेंट के मैच खेले जाएंगे। अमेरिकी क्रिकेट के मुख्य कार्यकारी इयान हिगनिस ने गुरुवार को कहा, अमेरिकी क्रिकेट के साथ एसीई को शामिल करने के पीछे वजह पेशेवर टी20 लीग को तैयार करना था, जो अमेरिकी घरेलू क्रिकेट में मौजूद कुछ बुनियादी मुद्दों को दिखा सके।श् उन्होंने कहा, इस नए टूर्नामेंट में जो निवेश और प्रयास किए गए हैं उनका हम स्वागत करते हैं।

### पत्नी हेजल कीच का बर्थडे, सेलिब्रेट करने न्यू यॉर्क पहुंचे युवराज सिंह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। युवराज सिंह की पत्नी हेजल कीज आज अपना 33वां बर्थडे मना रही हैं। इस बर्थडे को खास बनाने के लिए युवराज और हेजल अमेरिका पहुंचे हैं। न्यू यॉर्क की ठंडी वादियों में पहुंचे युवराज ने अपनी पत्नी का यह स्पेशल दिन स्पेशल अंदाज में मनाया है। युवी ने इंस्टाग्राम पर पत्नी संग स्टैचू ऑफ लिबर्टी के सामने सेल्फी क्लिक कर अपने फैन्स को भी यह जानकारी दी। भारतीय टीम के इस पूर्व ऑलराउंडर खिलाड़ी ने इंस्टाग्राम पर भी पत्नी हेजल कीच को बर्थडे विश करते हुए लिखा, हे हेजी (हेजल) यह आपका जन्मदिन है! इस जमा देने वाले दिन में मुझे बाहर लाने के लिए शुक्रिया, क्योंकि यह आपका बर्थडे है। मेरे प्यार आपका यह दिन शानदार हो। युवी ने इस कंपकंपाती ठंड में बाहर आने के लाने के लिए हेजल से चुटकी ली है। जून 2019 में अपने इंटरनैशनल क्रिकेट से संन्यास लेने वाले युवराज अब चुनिंदा टी20 लीग में खेलते हैं। बता दें न्यू यॉर्क में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है।

### तस्नीम, तृषा डच जूनियर के तीसरे दौर में पहुंचे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हार्लेम। भारत की नंबर एक जूनियर खिलाड़ी तस्नीम मीर और उभरती हुई खिलाड़ी तृषा जौली दमदार जीत के साथ शुक्रवार को यहां डच जूनियर अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट के तीसरे दौर में पहुंच गये। एशियाई जूनियर बैडमिंटन की चौम्पियन तस्नीम ने पहला मुकाबला आसानी से जीतने के बाद दूसरे दौर में हांगकांग की लुई लोक लोक ने कड़ी टक्कर दी लेकिन 11वीं वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी ने 21–14 21–17 से जीत दर्ज की। सातवीं वरीयता प्राप्त तृषा को पहले दौर में बाई मिला। उन्होंने दूसरे दौर में स्थानीय खिलाड़ी फेन्ना लारोस को आसानी से 21–12 21–13 से हराया। मिश्रित युगल में एडविन जाय और श्रुति मिश्रा की भारतीय जोड़ी को सफलता मिली।